# महर्षि दयानन्द सरस्वती विश्वविद्यालय, अजमेर

क्रमांक एफ 13 ( ) शैक्ष /2026/ 4309 दिनांक 21 .07.26

प्रेषित
उपाध्यक्ष,
विद्यालयी शिक्षा एवं कौशल शिक्षा बोर्ड (BOSSE),
गेंगटॉक, पूर्वी सिक्किम - 737102

विषयः विद्यालयी शिक्षा एवं कौशल शिक्षा बोर्ड (BOSSE), गेंगटॉक, सिक्किम को उच्चतर शिक्षा हेतु समकक्षता/मान्यता प्रदान करने के क्रम में।

संदर्भः आपका पत्र क्रमांक F.No. BOSSE/ Equiv./ MDSU/ 2025/309 दिनांक 26.11.2025

महोदय/महोदया,

उपर्युक्त विषयांतर्गत एवं संदर्भित पत्र के क्रम में लेख है कि विद्यालयी शिक्षा एवं कौशल शिक्षा बोर्ड (BOSSE) गेंगटॉक, सिक्किम को इस विश्वविद्यालय द्वारा मान्यता/समकक्षता प्रदान करने के प्रकरण को विश्वविद्यालय की समकक्षता समिति की बैठक दिनांक 05.02.2026 में विचारार्थ रखा गया था।

चूंकि विद्यालयी शिक्षा एवं कौशल शिक्षा बोर्ड (BOSSE), सिक्किम का नाम काउंसिल ऑफ बोड्र्स ऑफ स्कूल एज्यूकेशन इन इंडिया (COBSE) द्वारा जारी वैध सूची में शामिल है, अतः समकक्षता समिति द्वारा आपके बोर्ड को प्रवृत्त एवं मान्य किये जाने का निर्णय लिया गया है। समकक्षता समिति के उक्त निर्णय की विद्या परिषद की 82वी बैठक दिनांक 18.06.2026 में पुष्टि कर दी गई है।

तदनुसार, आपको सूचित किया जाता है कि महर्षि दयानन्द सरस्वती विश्वविद्यालय, अजमेर द्वारा उच्च अध्ययन एवं प्रवेश हेतु विद्यालयी शिक्षा एवं कौशल शिक्षा बोर्ड (BOSSE), सिक्किम को समकक्षता प्रदान की जाती है।

भवदीय

कुलसचिव